CS (MAIN) Exam : 2017 वियोज्य *DETACHABLE*

# नृविज्ञान (प्रश्न-पत्र II)

# ANTHROPOLOGY (Paper II)

| | |
|---|---|
| *समय : तीन घण्टे*<br>*Time Allowed : Three Hours* | *अधिकतम अंक : 250*<br>*Maximum Marks : 250* |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें ।**

**दो खंडों** में कुल **आठ** प्रश्न दिए गए हैं जो **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए ।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **Two Sections** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड 'A'    SECTION 'A'

1. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए, जो प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में हो :
Write short notes on the following in about 150 words each : 10×5=50

1.(a) दक्षिण भारत की नवपाषाण संस्कृतियाँ ।
Neolithic cultures of South India. 10

1.(b) भारत में आस्ट्रो-एशियाई भाषायी समूह ।
Austro-asiatic linguistic groups in India. 10

1.(c) वर्णाश्रम एवं ऋण की संकल्पना ।
Varnashram and the concept of Rina. 10

1.(d) नृजाति-पुरातत्त्व विज्ञान (इथनो-आरकियोलोजी) ।
Ethno-archaeology. 10

1.(e) प्रकृति-मानव-आत्मा सम्मिश्र ।
Nature-man-spirit complex. 10

2.(a) भारतीय समाज को समझने में निर्मल कुमार बोस के योगदान की विवेचना कीजिए ।
Discuss the contribution of Nirmal Kumar Bose to the understanding of Indian society. 20

2.(b) डेक्कन की ताम्रपाषाण (चालकोलिथिक) संस्कृतियों के प्रमुख लक्षणों का वर्णन कीजिए ।
Describe the salient features of chalcolithic cultures of the Deccan. 15

2.(c) अनुसूचित जातियों के संवैधानिक सुरक्षणों की समालोचनात्मक विवेचना कीजिए ।
Critically discuss the constitutional safeguards for the Scheduled Castes. 15

3.(a) जजमानी प्रथा पर बाज़ार-अर्थव्यवस्था के प्रभाव की विवेचना कीजिए ।
Discuss the impact of market economy on the Jajmani system. 20

3.(b) रामापिथेकस के प्रमुख लक्षणों का वर्णन कीजिए ।
Describe the salient features of Ramapithecus. 15

3.(c) भारत में मुस्लमानों की सामाजिक, राजनैतिक एवं आर्थिक स्थिति की विवेचना कीजिए ।
Discuss the social, political and economic status of Muslims in India. 15

4.(a) भारतीय समाज के आर्थिक एवं सांस्कृतिक रूपांतरणों को बौद्ध धर्म ने किस प्रकार प्रभावित किया, व्याख्या कीजिए ।
Explain how Buddhism influenced the economic and cultural transformations of Indian society. 20

4.(b) हडप्पन सभ्यता के व्यापार एवं धर्म के विभिन्न पक्षों का वर्णन कीजिए ।
Describe various aspects of trade and religion of Harappan civilization. 15

4.(c) सामाजिक परिवर्तन में मीडिया के प्रभावों की एक साधन के रूप में विवेचना कीजिए ।
Discuss the impact of media as an instrument of social change. 15

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए, जो प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में हो :
Write short notes on the following in about 150 words each : 10×5=50

5.(a) जनजातीय समुदायों में ऋणग्रस्तता ।
Indebtedness among tribal communities. 10

5.(b) नृजातीयता एवं आंचलिकता ।
Ethnicity and regionalism. 10

5.(c) अन्य पिछड़ा वर्ग ।
Other Backward Class. 10

5.(d) विशेषत: सुभेद्य जनजातीय समूह (पहले पी.टी.जी. जाने जाते थे) ।
Particularly Vulnerable Tribal Groups (earlier known as PTG). 10

5.(e) भारतीय जनजातियों पर ईसाई धर्म का प्रभाव ।
Impact of Christianity on Indian tribes. 10

6.(a) जनजातीय समुदायों के स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति पर विस्थापन के प्रभाव का वर्णन कीजिए ।
Describe the impact of displacement on the health and nutritional status of tribal communities. 20

6.(b) जनजातीय उप-योजना के उद्‌गमन, प्रमुख लक्षणों एवं परिसीमन की व्याख्या कीजिए ।
Discuss the emergence, salient features and limitations of Tribal sub-plan. 15

6.(c) भारत के किसी भी एक ग्राम के नृवैज्ञानिक अध्ययन का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए ।
Give a critical evaluation of any one anthropological village study in India. 15

7.(a) 'जनजाति' ('ट्राइब') पद (जैसा कि भारत में प्रयुक्त होता है) का समालोचनात्मक मूल्यांकन कुछ अन्य देशों में प्रयुक्त 'देशज' ('इंडीजेनस') पद की तुलना में कीजिए ।
Critically evaluate the term 'tribe' (as used in India) as compared to the term 'indigenous' in some other countries. 20

7.(b) भारतीय ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण में पंचायती राज संस्थान के प्रभावों की चर्चा कीजिए ।
Discuss the impact of Panchayati Raj institution on the empowerment of rural women in India. 15

7.(c) बारहवीं (XII) पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत किसी एक जनजातीय विकास योजना का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए । इसके सुधार के लिए आप अपना सुझाव दीजिए ।
Give a critical appraisal of any one tribal development programme during XIIth Five-Year plan. Give your suggestions for any improvement in the programme. 15

8.(a) भारत में लिंग-अनुपात में असंतुलन के कारणों पर अपना मूल्यांकन दीजिए ।
Give your assessment of the reasons for the imbalance in the sex-ratio in India. 20

8.(b) भारतीय पुरातत्त्व को समझने में कला एवं दस्तकारी परम्पराओं की प्रासंगिकता की व्याख्या करें ।
Discuss the relevance of art and craft traditions in the understanding of Indian archaeology. 15

8.(c) जनजातीय समुदायों के जीविकोपार्जन में, आर्थिक एवं पारिस्थितिक कारकों के कारण, हुई क्षति को समझने में नृविज्ञान के योगदान की चर्चा कीजिए ।

Discuss the contribution of anthropology in understanding the loss of livelihood of tribal communities due to economic and ecological factors. 15

---